<u>अनुसूचित जाति के किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>

भा.कृ.अ.प.- केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, लखनऊ द्वारा दिनांक 18 09 2024 को एस.सी.एस.पी. योजना के अंतर्गत जिला कन्नौज में अनुसूचित जाति के किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनुसूचित जाति के 29 किसानों ने प्रतिभाग किया जिसमें एक महिला और 28 पुरुष किसान थे। किसान आसपास के गांव जैसे मिश्रापुर, सदरपुर, द्वारिकापुर, मोहनापुर, रूपपुर के थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को फसलों में सिंचाई का तरीका एवं प्रबंधन, विभिन्न फसलों की किस्मों की जानकारी एवं उत्पादन तकनीकी पर चर्चा की गई। मृदा परीक्षण एवं उसके लाभ तथा फसलों का विविधीकरण द्वारा किसानों की आय बढ़ाने पर विस्तार में बताया गया। किसानों को कृषि निवेश के रूप में छिड़काव करने वाली मशीनों एवं आम के पौधों का वितरण किया गया।

एस सी – एस पी योजना के अन्तर्गत
"अनुसूचित जाति कृषक प्रशिक्षण एवं गोष्ठी"
दिनांक : 18.09.2024
स्थान : सदरपुर – मिश्रापुर, तालग्राम, कन्नौज